# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं के बारे में नोटिस जारी किया है।
2. आकाशवाणी के नब्बे गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में निकोबारी लोक संगीत संध्या का आयोजन किया गया।
3. मरीना पार्क स्थित जल क्रीड़ा परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने घोषित यात्रा कार्यक्रमों में संशोधन किया है।।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध सुविधाओं के बारे में एक नोटिस जारी किया है। सीबीएसई ने कहा है कि जो छात्र अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का लाभ उठा सकते हैं। इसके पहले चरण में, छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं। ये ऑनलाइन लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी और समीक्षा के लिए डाउनलोड की जा सकती हैं। जबकि दूसरे चरण में, छात्र विसंगतियों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा कि सभी आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए, और प्रत्येक चरण के लिए केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। छात्र 19 से 22 मई के बीच मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसका शुल्क प्रति विषय सात सौ रुपये है। पाई गई समस्याओं के सत्यापन और पुनरूमूल्यांकन के लिए आवेदन 26 से 29 मई के बीच जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के नब्बे गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी श्री विजयपुरम की ओर से कल निकोबारी लोग संगीत संध्या का आयोजन किया गया। भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण के सभागार में आयोजित ये कार्यक्रम संस्कृति, परम्परा और संगीत को समर्पित था। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति तथा

आपदा प्रबंधक निदेशक प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि और टैगोर राजकीय शिक्षण संस्थान की प्राचार्या डॉ. मंजूलता राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा आज की चकाचौंध में भी आकाशवाणी ने अपनी परम्पराओं को जीवित रखा है।

कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन के उप महानिदेशक सी सुब्बाराव, आकाशवाणी के उपनिदेशक अभियांत्रिकी डी. नरसिम्हा राव, सहायक निदेशक कार्यक्रम मीना प्रकाश के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने सिक्किम स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीप समूह में रहने वाले सिक्किमी समुदाय के सदस्यों को, अपनी शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने कहा 1975 में भारतीय संघ में शामिल होने के बाद से, इस राज्य ने जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन, शिक्षा और समावेशी सामाजिक–आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इस वर्ष सिक्किम स्थापना दिवस का यह उत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत की उस अटूट भावना की याद दिलाता है, जो हमारे राष्ट्र की एकता का उत्सव है। उपराज्यपाल ने कामना की है कि सिक्किम के लोग शांति, प्रगति और खुशहाली के साथ निरंतर समृद्ध होते रहें। यह राज्य एक मजबूत, समावेशी और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा और विकसित भारत के निर्माण को और सुदृढ़ बनाएगा।

<><><><><><><>

मरीना पार्क स्थित जल क्रीड़ा परिसर में अबरडीन युद्ध स्मारक पर एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। कल सुबह नौ बजे आयोजित इस समारोह में महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिन्होंने जिन्होंने वर्ष अटठारह सौ उनसठ में लड़ी गई लड़ाई के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते जहाजरानी सेवा निदेशालय ने घोषित यात्रा कार्यक्रमों में संशोधन किया है। एम वी भारत सीमा के स्थान पर एम वी सेन्टीनल लिटिल अंडमान के लिए बाईस मई को रात नौ बजे श्री विजया पुरम से रवाना होगा तथा अगले दिन सवेरे आठ बजे लिटिल अंडमान से श्री विजया पुरम के लिए वापस छूटेगा। उधर एम वी सेन्टीनल के स्थान पर एम वी भारत सीमा मायाबन्दर होते हुए डिगलीपुर की यात्रा पर तेइस मई को रात आठ बते श्री विजयपुरम से प्रस्थान करेगा तथा अगले दिन दोपहर दो बजे

मायाबन्दर होते हुए डिगलीपुर से मायाबंदर होते हुए वापसी करेगा। जिन यात्रियों ने इन दोनों जहाजों की यात्रा टिकटे लीं थी वे उसी टिकट पर इन जहाज से यात्रा कर सकते है।

इसी प्रकार, खराब मौसम के कारण जहाज सिंधु अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान कच्छाल बंदरगाह पर नहीं रुकेगा। संशोधित समय–सारिणी के अनुसार, अब ये जहाज उन्नीस मई को सबुह 9 बजे श्री विजया पुरम से ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा, और इक्कीस मई को सुबह 8 बजे कैंपबेल बे से चल कर उन्हीं मार्गों से होते हुए श्री विजया पुरम के लिए वापस रवाना होगा। इस दौरान कमोर्टा से कच्छाल जाने वाले यात्रियों की आवाजाही के लिए, एम वी लॉग आइलैण्ड की सेवा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आम जनता और पर्यटकों से परामर्श जारी कर कहा है कि विभाग मौसम की स्थिति को देखते हुए मुख्य भूमि, अंतर्द्वीपीय, और फोर शोर सेक्टर की जहाजों की सेवाएं कभी भी स्थगित या रद्द कर सकता है। जिससे चाथम–बम्बूफ्लाट, डन्डसप्वाइंट, होपटाउन, फिनिक्स बे और अन्य बाहरी क्षेत्रों के बीच संचालित हार्बर वाहन फेरी सेवाएं प्रभावित हो सकती है। प्रशासन ने यात्रियों और पर्यटकों से मौसम के अनुरूप अपनी यात्राएं सुनिश्चित करने को कहा हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पदा रे ने हाल ही में संचार मंत्री के समक्ष शहीद द्वीप तक सीधी ऑप्टिकल फाइबर केबल कनेक्टिविटी बिछाने का अनुरोध किया था, ताकि निवासियों को सुलभ डिजिटल सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकें। सांसद के अनुरोध का जवाब देते हुए, संचार मंत्री ने हाल ही में नॉर्थ बे से शहीद द्वीप तक एक नया उच्च–क्षमता वाला कनेक्टिविटी लिंक शुरू किया है। इससे नेटवर्क की स्थिरता में काफी सुधार हुआ है और द्वीप के लिए समग्र बैंडविड्थ की उपलब्धता बढ़ी है। इसे देखते हुए शेष हिस्सों तक सबमरीन केबल कनेक्टिविटी की जाँच करने के लिए एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य इस केंद्र शासित प्रदेश में डिजिटल और दूरसंचार कनेक्टिविटी को मजबूत करना और उसका विस्तार करना है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षण संस्थान की ओर से मॉडल और शिक्षण–अधिगम सामग्री प्रदर्शनी पर एक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन समग्र शिक्षा केन्द्र की निदेशक सुमिथामोल.

एस ने किया। इस दौरान उन्होंने समावेशी शिक्षा में नवीन शिक्षण विधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के लिए शैक्षणिक कार्यों, वैचारिक अधिगम और दैनिक जीवन कौशल में इन मॉडल की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक समझाया। प्रदर्शनी का आयोजन CRC, के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। इस अवसर पर विजेताओं में पुरस्कारों का वितरण किया गया।

**<><><><><><><>**